पंचदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-28 वृहस्पतिवार, दिनांक-04 अप्रील, 2013 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.15 बजे अपराह्न तक ।

[1] प्रश्नोत्तर काल :-

(i) 01 अल्प सूचित प्रश्न उत्तरित ।

(ii) 09 तारांकित प्रश्न उत्तरित ।

(iii) 04 तारांकित प्रश्न अपृष्ट ।

(iv) 106 तारांकित प्रश्न अनागत ।

(तारांकित प्रश्न क्रमांक 3625 के उत्तर से माननीय सदस्य के असंतुष्ट होने पर इसे प्रश्न एवं ध्यानाकर्षण समिति को सौंपने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।)

प्रश्नोत्तर काल के दौरान अपनी मांगों को लेकर राजद के मा० सदस्यगण नारेबाजी करते हुए वेल में आ गए । आसन के द्वारा बार-बार शांत होने और अपनी सीट पर जाने का अनुरोध के बावजूद वे वेल में नारेबाजी करते रहे और अपनी मांगों को लेकर सदन से बहिर्गमन कर गए ।

[2] अविश्वास प्रस्ताव :-

माननीय सदस्य श्री दुर्गा प्रसाद सिंह द्वारा अविश्वास का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया । प्रस्ताव के पक्ष में पर्याप्त आवश्यक संख्या 23 के विरूद्ध मात्र 17 माननीय सदस्य के होने के कारण प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ ।

[3] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री भाई वीरेन्द्र, श्री अख्तरूल ईमान एवं श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार से प्राप्त तीन अलग-अलग कार्यस्थगन प्रस्ताव के नियमानुकूल नहीं रहने के कारण अमान्य किए जाने की घोषणा आसन द्वारा की गई ।

इससे असंतुष्ट होकर राजद के माननीय सदस्यगण विरोध प्रकट करते हुए वेल में आ गए और नारेबाजी करने लगे ।

[4] **<u>शून्यकाल</u> :-**

शून्यकाल की सूचनान्तर्गत निम्नांकित माननीय सदस्यों द्वारा राज्य की विभिन्न समस्याओं की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया :-

(i) श्री दिनेश कुमार सिंह
(ii) श्रीमती भागीरथी देवी
(iii) डॉ० दाउद अली
(iv) श्री रामनरेश प्रसाद यादव
(v) श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह
(vi) श्री राजेश्वर राज
(vii) श्री अशोक कुमार सिंह
(viii) श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह
(ix) श्री अरूण शंकर प्रसाद
(x) श्री संजय सिंह 'टाइगर'
(xi) श्री कुमार शैलेन्द्र
(xii) श्री विनोद प्रसाद यादव
(xiii) श्री जनक सिंह
(xiv) श्री कृष्णनन्दन यादव
(xv) श्री मोतीलाल प्रसाद

आसन से घोषणा की गई कि गैर सरकारी संकल्प के निस्तारण के बाद ध्यानाकर्षण की सूचनाएँ ली जायेगी ।

[5] **<u>याचिका</u> :-**

प्रभारी सचिव द्वारा कुल 144 याचिकाओं का विवरण सदन पटल पर रखा गया ।

इस दरम्यान राजद के माननीय सदस्यगण अपनी मांगों को लेकर वेल में नारेबाजी करते रहे और सभा की बैठक भोजनावकाश के लिए स्थगित हुई ।

(भोजनावकाश के बाद)

समय 2.00 बजे अप० से 6.00 बजे अप० तक ।

(माननीय उपाध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

[6] **<u>गैर सरकारी संकल्प</u> :-**

(i) 13 गैर सरकारी संकल्प स्वीकृत ।
(ii) 07 गैर सरकारी संकल्प अपुष्ट ।
(iii) 131 गैर सरकारी संकल्प वापस ।
(iv) 01 गैर सरकारी संकल्प अमान्य ।

गैर सरकारी संकल्प क्रमांक 57 के निस्तारण के बाद माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया ।

गैर सरकारी संकल्प क्रमांक 65 के निस्तारण के उपरांत संसदीय कार्य मंत्री के प्रस्ताव पर आज के लिए सूचीबद्ध कार्य को निस्तारण तक सदन की अवधि का विस्तार हुआ ।

[7] **<u>ध्यानाकर्षण सूचनाएँ</u> :-** आज दिनांक 04.04.2013 के लिए निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचनाएँ सूचीबद्ध है :-

(i) माननीय सदस्य डा० रणविजय कुमार एवं अन्य सभासदों का पथ निर्माण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना
(ii) माननीय सदस्य डा० दाउद अली एवं अन्य सभासदों का श्रम संसाधन विभाग / मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना
(iii) मा० सदस्य श्री कन्हैया कुमार एवं अन्य सभासदों का ग्रामीण विकास विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना
(iv) माननीय सदस्य श्री अशोक कुमार एवं अन्य सभासदों का परिवहन विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना
(v) माननीय सदस्य श्री रमेश ऋषिदेव एवं अन्य सभासदों का राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए सूचीबद्ध सभी ध्यानाकर्षण सूचनाओं को ध्यानाकर्षण समिति को सुपुर्द किया जाता है ।

[8] **<u>प्रश्नों का विवरण</u> :-** माननीय सदन नेता द्वारा प्रश्नों का विवरण प्रस्तुत किया जो यथा संलग्न है ।

[9] **<u>अध्यक्ष का समापन भाषण</u> :-** यथा संलग्न ।

तदुपरांत सभा की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हुई ।

पटना
दिनांक-04.04.2013

फूल झा
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।